प्रारम्भिक संबोधन

अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, सप्तदश बिहार विधान सभा के अष्टम सत्र के शुभारंभ पर मैं आप सभी माननीय सदस्यों का हार्दिक अभिनंदन करता हूँ ।

वर्त्तमान सत्र के दौरान कुल बाईस बैठकें निर्धारित हैं, जिसमें महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर विमर्श, वित्तीय वर्ष 2023-24 के आय-व्ययक के व्यवस्थापन के अलावा अन्य वित्तीय कार्य, राजकीय विधेयक एवं गैर सरकारी संकल्प लिए जाएंगे ।

माननीय सदस्यगण, 17वीं बिहार विधान सभा का लगभग आधा सफर हमलोग तय कर चुके हैं । शेष बचे अवधि में हमसब एक ही उद्देश्य के साथ आगे बढ़ रहे हैं कि इस जगह से राज्य की सभी जनता का हित साधा जाए ।

यह बिहार विधान सभा हमारे समाज के सभी वर्गों एवं तबके के लोगों के हितों के लिए काम करने का मंच है । इस सत्र में कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी । परन्तु यह बजट सत्र है इसलिए हमलोग सबसे अधिक बजट की बारीकियों पर विमर्श करेंगे और आने वाले वर्ष के लिए जो नीति हम बना रहे हैं उसकी समीक्षा कर उस पर अपना मत प्रदान करने का कार्य करेंगे । हमें इस सत्र में समय के मूल्यवान भूमिका को ध्यान में रखते हुए अपनी जिम्मेदारियों को निभाने का प्रयास करना चाहिए ताकि हम अपने दायित्वों का बेहतर ढंग से निर्वहन कर सकें ।

माननीय सदस्यगण, मेरा आपसबों से आग्रह है कि सत्र के दौरान लोक महत्व के विषयों एवं प्रश्नों पर सार्थक चर्चा करें । लोकतंत्र में विचार-विमर्श से ही फलाफल निकलता है । शोरगुल से अपनी बात को मनवाने का प्रयास करना या संख्या बल से शक्ति दबाव दिखाना दोनों लोकतंत्र की आत्मा को आहत करती है । इसलिए सदन में स्वस्थ वातावरण बनाए रखने का प्रयास करें । मुझे उम्मीद है कि इस सत्र में हम शांतिपूर्ण ढंग से एक-दूसरे के साथ सहयोग कर सार्थक हल ढूँढने का प्रयास करेंगे । आपसबों से अनुरोध है कि इस सत्र में अधिक-से-अधिक अपनी उपस्थिति बनाये रखें ।

मुझे आशा एवं पूर्ण विश्वास है कि इस सत्र के सफल संचालन में आप सभी माननीय सदस्यों का सकारात्मक सहयोग निरंतर प्राप्त होगा ।

❁❁❁❁❁